हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

छोटे-बड़े सभी किसानों से समान व्यवहार करें प्रबंधक: तहसीलदार

4




## खबर संक्षेप

### जनपद सीईओ श्रीवास ने पदभार संभाला



**पत्थलगांव।** जनपद पंचायत में जिला कलेक्टर के द्वारा नए सीईओ के रूप में केके श्रीवास को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर रोहित ब्यास ने जनपद पंचायत पत्थलगांव सीईओ के लिए 14, नवम्बर को आदेश जारी किया था। केके श्रीवास ने विधिवत 17 नवम्बर सोमवार को जनपद सीईओ का पदभार सम्भाला। पदभार ग्रहण करते हुए केके श्रीवास ने कहा कि जनपद पंचायत पत्थलगांव के अपूर्ण कार्यो को जल्द पूर्ण करने में ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। शासन के विकास कार्यो को गांव गांव तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जनों को दिलाने कोशिश की जाएगी। बता दें इससे पूर्व में केके श्रीवास कुनकुरी बगीचा जनपद सीईओ के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### दुकान में लगी आग सामान जलकर राख



**पत्थलगांव।** थाना क्षेत्रांतर्गत भाटामुड़ा निवासी दीपक यादव की श्रृंगार दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले में आगजनी का मामला दर्ज किया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। विवेचना दौरान आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रोजगार मेला का आयोजन 21 को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया की शासकीय कन्या विजय भूषण सिंह देव महाविद्यालय जशपुर में 21 नवम्बर 2025 को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में वृन्दावन पब्लिक स्कूल, लुड़ेग कोतबा, बागबहार, पण्डरीपानी एवं योकोहामा ट्री इंडिया लिमिटेड से विभिन्न पदों के लिए रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। प्राप्त रिक्तियों में वृन्दावन पब्लिक स्कूल, लुड़ेग कोतबा, बागबहार, पण्डरीपानी में प्राचार्य के 4, हिन्दी शिक्षक के 8, अंगेजी शिक्षक के 8, गणित शिक्षक के 6, विज्ञान शिक्षक के 6, प्री-प्रायमरी वर्ग के 15, संगीत शिक्षक के 2 लेखापाल के 4, वाहन चालक के 4 पद शामिल हैं। इसी प्रकार योकोहामा ट्री इंडिया लिमिटेड में अप्रेंटिस वुमन ट्रेनी के 500 एवं ऑपरेटर आई.टी.आई अन्य डिप्लोमा के पद शामिल हैं। इच्छुक अभ्यार्थी 21 नवम्बर को समय प्रातः 11 बजे से अपना समस्त मूल प्रमाण पत्र के साथ शासकीय कन्या विजय भूषण सिंह देव महाविद्यालय जशपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेला में भाग ले सकते है।

## प्रकरणों के निराकरण में मिलेगी बड़ी सहूलियत

# अब एक क्लिक में मिलेगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने जिला कार्यालय में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि नए कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध तथा जनहित परक बनेगी। उन्होंने पुलिस सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को नए कानून के प्रावधानों को गंभीरता पूर्वक पालन करने के निर्देश दिए। जिससे आमजनों के प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि समय पर मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने से जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आमजन को सीधे रूप से सहूलियत होती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरणों का पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर ⏭ शेष पेज 4 पर

■ चिकित्सकों को मेडलीपर पोर्टल में अपलोड करनी होगी रिपोर्ट



**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पेशी:** बैठक में नए कानूनों के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी सुनिश्चित करने के प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जहां न्यायालय के निर्देशानुसार सशरीर पेशी आवश्यक नहीं है, वहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई जाएगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा प्रकरणों के निराकरण की गति बढ़ेगी। जेल विभाग के अधिकारियों को इस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा अधिसूचित की जा चुकी है। आवश्यकतानुसार इसका उपयोग न्यायालयीन कार्यवाही में वीसी के लिए किया जा सकता है।

### मेडलीपर पोर्टल का उपयोग

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने बताया कि जिले में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आमजन को भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सक मेडलीपर पोर्टल में पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करेंगे। जिससे जांचकर्ता अधिकारी, पुलिस एवं कोर्ट के अधिकारी एक क्लिक में रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था पीड़ितों एवं उनके परिजनों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी और प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मेडलीपर पोर्टल पर सभी मेडिकल अधिकारियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराया जाए और उनका उचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे समय सीमा के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल लीगल रिपोर्ट, विसरा रिपोर्ट, केमिकल पैथोलॉजी रिपोर्ट एवं रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड कर सकें। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी बल्कि नागरिकों को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में भी सहायक होगी।

## जशपुर की बेटियों ने नेशनल स्पोर्ट्स मीट में रचा नया इतिहास

**जशपुरनगर।** सुन्दरगढ़ ओडिशा में आयोजित 4वॉं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय दुढरुडांड़, बटईकेला और कांसाबेल की दो प्रतिभाशाली छात्राएं अंडर 14 डबल बैडमिंटन में मीनाक्षी लकड़ा और संजना भगत ने स्वर्ण पदक जीतकर अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ीयों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गर्व की बात यह है कि न सिर्फ स्कूल की पहली राष्ट्रीय जीत है, बल्कि जशपुर जिले के इतिहास में पहली बार किसी भी स्कूल की छात्राओं ने नेशनल स्तर पर गोल्ड जीता है। यह उपलब्धि जशपुर जिला, एकलव्य मॉडल आवासी विद्यालय परिवार और आदिवासी समुदाय के लिए एक सुनहरा अध्याय साबित हुई है। विद्यालय के प्राचार्य ललिता चौहान ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कलेक्टर श्री रोहित व्यास और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह को भी धन्यवाद कहा, क्योंकि जब-जब विद्यालय को उनके सहयोग ⏭ शेष पेज 4 पर



■ मुख्यमंत्री साय ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

# जिले में अवैध धान की आवाजाही रोकने जिला प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के आवागमन पर कड़ी निगरानी रखने जिला प्रशासन द्वारा सतत कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने विगत देर रात झारखंड सीमा पर स्थित विभिन्न चेकपोस्टों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्व टीम में तहसीलदार जयश्री राजनपथे, नायब तहसीलदार अरुण कुमार, फूड इंस्पेक्टर आलोक टोप्पो, मंडी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल रहे। टीम ने भलमंडा, सकरडेगा एवं साईंटांगाटोली चेकपोस्टों का निरीक्षण किया, जो झारखंड राज्य से लगे हुए सीमावर्ती बैरियर हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चेकपोस्टों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा वाहनों की जांच प्रक्रिया को बारीकी से परखा। अवैध धान परिवहन रोकने के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उन्हें स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा अवैध धान के आवागमन को रोकने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में सतत निगरानी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# हाइवे पेट्रोलिंग वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोरो घाट के पास हुए गंभीर सड़क हादसे में पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के चालक आरक्षक विकास टोप्पो को नशे में वाहन चलाने और दुर्घटना कारित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आरोपी आरक्षक को तुरंत निलंबित कर विभागीय जांच भी शुरू कर दी है।

घटना 15 नवंबर की शाम करीब 6.30 बजे की है। प्रार्थी कल्याण केरकेट्टा, निवासी खूंटी टोली ने थाने में रिपोर्ट दी कि उनका बड़ा भाई सिल्बेरियूस केरकेट्टा उम्र 45 वर्ष लोरो बाजार से सामान लेकर स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान कमरेगा पुलिया के पास हाईवे पेट्रोलिंग की अर्टिगा क्रमांक सीजी 03-8574 ने जोरदार टक्कर मारी।

सिल्बेरियूस का दाहिना पैर घुटने के पास से कटकर अलग हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे पहले जशपुर जिला अस्पताल, फिर हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर किया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि हादसे के समय सरकारी हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को आरक्षक विकास टोप्पो चला रहा था। शराब सेवन की आशंका पर पुलिस ने डॉक्टर से उसका मुलाहिजा भी कराया। पुलिस ने अर्टिगा वाहन को जप्त कर लिया है। दुलदुला पुलिस ने आरक्षक विकास टोप्पो के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 128(a) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। जांच अभी जारी है।




■ पैर घुटने से अलग हुआ आरक्षक विकास टोप्पो निलंबित, गिरफ्तार

# एसपी ने दसवीं के टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** बाल दिवस के अवसर पर संकल्प शिक्षण संस्थान में बहुत धूमधाम से बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विनोद गुप्ता के द्वारा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और उनके उद्बोधन के द्वारा की गई उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश के विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम की भावना होनी चाहिए और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होकर कार्य करना चाहिए उन्होंने बच्चों से कहा कि नेहरू जी की लिखी किताब भारत एक खोज जरूर पढ़ें क्योंकि इससे आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आज बच्चे ही हमारे भारत का भविष्य है नेहरू जी के सपनों को पूरा करते हुए बच्चों को पूरी निष्ठा और लगन से शिक्षा प्राप्त कर सफलता प्राप्त करनी चाहिए। संस्थान के शिक्षकों के द्वारा बच्चों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने अपने हाथों से बच्चों को वितरित किया और स्वल्पाहार के पश्चात सभी कक्षाओं के लिए अलग-अलग खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को आकर्षक खेल बैलून फूलाव, दूसरे का फोड़ो अपना बचाव, जलेबी दौड़ रस्साकसी, बॉल पासिंग गेम, म्यूजिकल चेयर, और मैजिक रुकने पर ग्रुप बनाओ जैसे और भी मनोरंजन खेल कराया गया और प्रत्येक खेल के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। शिक्षकों के द्वारा ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रावीण्य सूची में आए बच्चों को किया सम्मानित

इस बार राज्य की मेरिट सूची में संकल्प शिक्षण संस्थान के 12 बच्चों ने अपना स्थान बनाया था। जिसके लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। जहां बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत सिटी कोतवाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम 14 नवंबर से 20 नवंबर तक चलेगा। जिसमें इसके प्रथम दिवस 14 नवंबर को टॉपर्स बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम एस एस पी शशि मोहन सिंह के निर्देश के अनुसार सिटी कोतवाली में आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, वरिष्ठ समाजसेवी मनीजर राम ,अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक अनिल सोनी, डीएसपी चंद्रशेखर परमा एवं मंजू लता बाज, आरआई अमरजीत खूंटे, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी, संकल्प शिक्षण संस्थान और कल्याण आश्रम के बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे। यहां उपस्थित बच्चों एवं अतिथियों को नसरुद्दीन अंसारी के द्वारा साइबर क्राइम और उससे बचने के उपाय भी बताए गए। यहां मंचासीन अतिथियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा संकल्प के बच्चों ने थाने का भ्रमण भी किया और डी एस पी मंजुलता बाज के द्वारा बच्चों को कोतवाली से संबंधित जानकारी दी गई।

### नदी में डूबने से हुई मृत्यु के प्रकरण में मिली सहायता

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्राकृतिक आपदा से हुई असामयिक मृत्यु के एक प्रकरण में तत्परता से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिला प्रशासन द्वारा दिवंगत के निकट परिजन को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, जो दिवंगत के परिजनों को संबल प्रदान करेगी। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि ग्राम मनोरा निवासी सरस्वती बाई पिता विष्णु राम की मृत्यु 11 जून 2025 को नदी के पानी में डूबने से हो गई थी। इस दुःखद घटना की सूचना मिलने के उपरांत प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आवश्यक प्रतिवेदन तहसीलदार मनोरा एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है
कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई
थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से
निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार
पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप



### उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर श्री श्याम सलोना परिवार ने मनाया द्वितीय वार्षिक उत्सव

**बिश्रामपुर।** उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर शनिवार की शाम अग्रसेन भवन में श्री श्याम सलोना परिवार का द्वितीय वार्षिक उत्सव भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया,जहां एक ओर भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया,वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की विशाल मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे नगर के बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन कलाकार निहारिका पुरोहित, अनुभव अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल,जिन्होंने अपने सुरों और भक्ति भाव से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया,श्याम तेरे बिना कौन हमारा और मेरे श्याम की रसोई निराली जैसे कई लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे, वार्षिक उत्सव की शोभा बढ़ाने 56 भोग, श्याम रसोई और प्रसाद वितरण भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे,पूरे आयोजन में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली, जहां हर कोई बाबा श्याम की कृपा और भक्ति में खोया नजर आया, आयोजन को सफल बनाने में मनोज गोयल, राहुल सिंघल, विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल, विकास गोयल, सुमित मित्तल, आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल, नवीन गोयल, अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, यश अग्रवाल शुभम अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सौरभ सिंह,नेहा तायल, सोनिया सिंघल व अन्य सक्रिय रहे।

### फुलवारी टीम ने जीता हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता



**प्रतापपुर।** माझापारा में आयोजित हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फुलवारी और कुल्हाड़ी टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनो टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बेहतर तालमेल के साथ्ज्ञ शानदार प्रदर्शन करते हुए फुलवारी टीम दो गोल से विजयी रही। मुख्य अतिथि पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सागर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यासागर ने कहा कि खेल से गांव-गांव तक नाम एवं पहचान बनती है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक व्यायाम एवं खेल के प्रति रुचि रखने पर गांव से लेकर जिला सहित राज्य स्तर का भी नाम मिलता है। खेल मनोरंजन का एवं व्यायाम का सबसे बड़ा साधन है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेश चक्रधारी, सरपंच अजय सिंह, बालकृष्ण, मंगल सिंह, रामचंद्र के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय रजवाड़े, कृष्ण सिंह तथा समिति के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### प्रवक्ता चयन के लिए कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया टैलेंट हंट प्रतियोगी अभियान

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस ने इस बार अपने प्रवक्ता चयन प्रक्रिया को एक प्रतियोगी अभियान का रूप देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपने पहले टैलेंट हंट की शुरुआत कर दी है,प्रतियोगी अभियान अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं बनने के इच्छुक लोगों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप को अभियान का सरगुजा संभाग रीजनल कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है,टीम में पब्लिसिटी वॉलंटियर विष्णु सिंहदेव,टेक्निकल सपोर्ट पूनम सिंह,गुरप्रीत सिंह सिद्धू, सचिन मिश्रा और विकास श्रीवास्तव शामिल हैं,रीजनल कॉर्डिनेटर अनुपम फिलिप ने बताया कि यह एक चयन प्रक्रिया मात्र नहीं बल्कि आकांक्षी कार्यकर्ताओं की राजनैतिक समझ,संवाद क्षमता और मीडिया प्रबंधन के मूल्यांकन का अवसर है, चयनित प्रतिभागी को व्यक्तिगत साक्षात्कार और लिखित परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरने पर विभिन्न स्तर पर मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी,इस अभियान की खासियत यह है कि इसमें युवा, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर लोग भी शामिल हो सकते हैं,संभाग के सभी जिलों में इसके लिए टीम गठित की गई है,जिसमे शास्त्रांशु पाठक को जशपुर,अधिवक्ता सुनील सिंह को बलरामपुर रामानुजगंज, आशीष वर्मा को सरगुजा, ज़फर हैदर को सूरजपुर, अशोक जायसवाल को कोरिया और राजकुमार केशरवानी को मनेंद्रगढ़ जिले का जिला कॉर्डिनेटर बनाया गया है,प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 20 नवंबर तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे है, जिसके बाद आगामी प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएगी।

### नयनपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से किया हमला, मामला दर्ज

**बिश्रामपुर।** पुरानी रंजिश पर नयनपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है,जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयनपुर में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश पर जितेंद्र राजवाड़े पिता सुरेंद्र राजवाड़े ने गांव के ही प्रार्थी संजय राजवाड़े पिता सोमार साय के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उस पर हमला कर दिया है,चाकू के हमले से संजय राजवाड़े के बाएं हाथ के अंगुली में चोट आई है,सूचना पर जयनगर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र राजवाड़े के खिलाफ धारा 296, 126, 351, 118 (1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 104 सोलर प्लांट में से 80 फीसदी ठप

# दूरस्थ गांवों में सोलर पावर प्लांट बंद, ढीबरी के सहारे कट रही ग्रामीणों की रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

- राजस्व ग्राम भी प्रभावित, आज तक नहीं पहुंची बिजली

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए विद्युत विस्तार सपना बन गया है। शासन की विशेष पहल पर क्रेडा द्वारा वर्ष 2012-13 में गांवों में सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट लगाए गए थे लेकिन देखरेख के अभाव में लगभग 80 फीसदी सोलर प्लांट एवं होम लाइट लम्बे समय से बंद पड़े हैं। वन बाधा के कारण वन ग्रामों में तो विद्युत विस्तार संभव नहीं है लेकिन राजस्व ग्रामों की स्थिति में भी बदलाव नहीं हो सका है।

दूरस्थ चांदनी–बिहारपुर क्षेत्र की प्राकृतिक समृद्धि ग्रामीणों के विकास में बड़ी बाधा साबित हो रही है। वन बाधा होने के कारण न तो गांवों तक सड़के बन पा रही हैं न ही विद्युत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आजादी के 78 साल गुजरने के बाद भी ग्रामीण ढीबरी के भरोसे जीवन यापन करने मजबूर हैं। विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर शासन द्वारा इन गांवों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का निर्णय लिया गया था। क्रेडा द्वारा इन ग्रामों में वर्ष 2012-13 में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों को रोशन करने सोलर होम लाइट उपलब्ध कराया गया था। सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिली साथ ही उनके जीवन में सुधार आया। पांच साल का समय गुजरने के बाद सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट में खराबी आने लगी। लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने कुछ स्थानों पर सुधार कार्य भी कराया लेकिन लम्बे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल सका। हालत यह है क्रेडा द्वारा स्थापित 104 सोलर पावर प्लांट में से अधिकांश लम्बे समय से बंद पड़े है। कुछ चालू हैं भी तो बमुश्किल एक-दो घंटे ही रोशनी देते हैं। विभाग के अधिकारी 25 प्लांट को पूरी तरह बंद होने एवं 20 के एक-दो घंटे तक कार्य करने की बात स्वीकार कर रहे हैं लेकिन लम्बे समय से बंद प्लांटों के सुधार के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। अधिकारी लम्बे समय से खराब पड़े प्लांटों की मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने एवं विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने की बात कह रहे हैं। इधर लाइट के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही ग्रामीणों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।



घर में लगा विद्युत मीटर।

### राजस्व ग्रामों में भी नहीं सुविधा

क्षेत्र का बड़ा इलाका गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य से सटा है। साथ ही अनेक गांवों के इर्दगिर्द वनक्षेत्र है। संरक्षित वन क्षेत्र में बसे गांवों में वन बाधा के कारण विद्युत विस्तार संभव नहीं है। इन वन ग्रामों को रोशन करने के लिए सोलर पावर प्लांट के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वन बाधा के कारण लगातार प्रयासों के बावजूद राजस्व ग्रामों में भी अब तक विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। विद्युत अधिकारी गांव-गांव में विद्युत विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विद्युत वितरण कंपनी के राजस्व में वृद्धि हो सके लेकिन वन बाधा निराकरण की लम्बी प्रक्रिया के कारण इस कार्य में सफलता नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या के निराकरण के लिए कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।

### तीन साल पूर्व हुआ था सर्वे

शासन की पहल पर तीन साल पूर्व विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र में राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का सर्वे कराया था। बीच में छोटा जंगल पड़ने के कारण विभाग ने वन अधिकारियों से अनापत्ति मांगी थी। वन विभाग ने कुछ स्थानों के लिए अनापत्ति भी जारी की है। लेकिन वन क्षेत्र की स्वीकृति की प्रक्रिया लम्बी होने के कारण इन गांवों में अभी विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। विद्युत विभाग द्वारा सौभाग्य योजनान्तर्गत ओड़गी-खोड़ मार्ग के राजस्व गांवों में पूर्व में विद्युत विस्तार किया था। गांव में बिजली पहुंचने की खुशी में ग्राम खोड़ व इंजानी के ग्रामीणों ने अपने घरों में बिजली की वायरिंग करा ली। विभाग ने मीटर भी लगा दिया है लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो सकी है नाराज ग्रामीण गांव में विद्युत विस्तार के लिए रखे गए पोल व तार को उठाने नहीं दे रहे हैं। राजस्व गांवों में विद्युत विस्तार के लिए भूमिगत केबल कारगर हो सकता है लेकिन इसके लिए भी अनुमति आवश्यक है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

सर्वे एवं डीएफओ की अनापत्ति मिलने के बाद कुछ राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

**-बसंत खेस**
ईई, विद्युत विभाग

### नहीं है बजट

बंद पड़े सोलर पावर प्लांट के सुधार का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने के कारण सुधार में विलंब हो रहा है।

**-रणजीत यादव**, अभियंता, क्रेडा



# मंत्री अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

लुण्ड्रा विधानसभा के कुन्नी क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 47 करोड रुपए के विभिन्न सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। कुन्नी स्कूल मैदान में 47 करोड रुपए के सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में मंत्री राजेश अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। सभी अतिथि कुन्नी स्कूल मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां पुजारी की उपस्थित में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज और जनप्रतिनिधि ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ 47 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला विक्रम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि महंत, राकेश साहू, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, भैया लाल साहू, जिला पंचायत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता रमन सिंह, मन्नू साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को, एसडीएम वन सिंह नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, बीएमओ डॉ. ओपी प्रसाद, नेत्र सहायक अनिल मिश्रा विनोद भार्गव,अनिल गुप्ता जुगल राम, राजेंद्र टोप्पो, भोजराम राजवाड़े, गुड्डा राम, देवनारायण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फोरम फार फास्ट जस्टिस के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने किया उदघाटन

सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस एवं फोरम फोर फास्ट जस्टिस द्वारा दो दिवसीय नेशनल कनक्लेव का शुभारंभ 15 नवंबर को किया गया। कनक्लेव के तहत शहर के मल्टी पर्पज स्कूल मैदान से रैली निकाली गई।

इस दौरान रैली में न्याय व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग और त्वरित न्याय तथा अपनी 11सूत्रीय मांग जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा के जाति में सुधार तथा उन्हें संरक्षण देने तथा अन्य मांगों के संकल्प को लेकर निकाली गई। रैली का शुभारंभ फोरम फॉर फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान जी रैयानी द्वारा किया गया। रैली महामाया चौक होते हुए पीजी कॉलेज ऑटो डोरियम में सम्पन्न हुई जहां राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत की गई।



इस अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देश की मौजूदा न्यायिक प्रणाली में कमियों, जनता की समस्याओं और समाधान के ठोस सुझावों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में देश महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में डेलिगेशन शामिल हुए। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. डीके सोनी ने बताया कि अधिवेशन में भगवान जी रैयानी, राज काचारू, मुख्तार अंसारी, नजीर खान, जया विंध्याला, बालू अक्कीसा, विनय कांबले, जेडी सिंह, प्रवीण पटेल, विपुल श्रीवास्तव, और अन्य राष्ट्रीय स्तर के विचारक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने न्याय व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का मौजूदा बजट अत्यंत सीमित है, जिसके कारण न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। वर्तमान में पूरे देश में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा मामले न्यायालयों में लंबित हैं, और जो संसाधन अभी वर्तमान न्यायपालिका के पास उपलब्ध हैं उससे लंबित प्रकरणों के निपटारे में 324 साल लग जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि न्याय के लिए अलग से और पर्याप्त बजट प्रावधान किया जाए, जिससे अदालतों के लिए ज्यादा न्यायाधीशों और न्यायिक कर्मचारियों, की नियुक्ति हो सके जिससे लंबित मामलों का तेजी से निपटारा संभव हो सके। अधिवेशन में वक्ताओं ने कहा कि न्याय केवल देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मिलने का अधिकार है, और इसके लिए एक तेज, पारदर्शी तथा संवेदनशील प्रणाली का निर्माण समय की मांग है। उक्त कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता नवनीकांत दत्ता, सत्यम द्विवेदी, डॉ. प्रशांत सम्मानित किया गया। मंच संचालन राहुल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव इंजोर दास महंत, कोषाध्यक्ष एकांत सिंह, हैप्पी सोनी, प्रीति विश्वास, आस्था पांडेय, अजय गौतम, आलोक शुक्ला, राजन यादव, नीरज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# तलवापारा में देर रात तेज ध्वनि में बजाया डीजे संचालक पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे और साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है, बिना अनुमति के तेज आवाज में साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने साउण्ड बाक्स और एम्पलीफायर को जब्त कर साउण्ड सिस्टम संचालक एवं तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाने वाले के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को डीजे संचालकों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर डीजे व साउण्ड सिस्टम का उपयोग के लिए अनुमति लेने एवं निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे,इसी तारतम्य में गत दिनों बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर द्वारा क्षेत्र के डीजे संचालकों व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर उच्च न्यायालय द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सख्त हिदायत दी थी कि विधिवत अनुमति लेकर और तय वक्त में ही डीजे और साउण्ड बाक्स का उपयोग किया जाए।



शनिवार की रात बिश्रामपुर पुलिस रात्रि गश्त पर थी,इसी बीच सूचना मिली कि नपं शिवनंदनपुर के तलवापारा में तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाया जा रहा है,जिससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना अनुमति के तेज आवाज से साउण्ड बाक्स बजाते पाए जाने पर 2 नग साउण्ड बाक्स व 1 नग एम्पलीफायर जब्त कर गुड्डु खुलेखीन देवांगन 46 वर्ष निवासी तलवापारा तथा साउण्ड सिस्टम संचालक विशाल गुप्ता 22 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर के विरूद्ध धारा 4, 5, 15 (1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### लटोरी में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लटोरी निवासी एक युवती ने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी निवासी 22 वर्षीय अन्नू कुशवाहा पिता रामप्रवेश कुशवाहा ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों से अपने घर में ही पंखे से दुपट्टा का फंदा बना आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य मंत्री का जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**राजपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शनिवार को अपने एक दिवसीय अल्प प्रवास पर बलरामपुर जिले पहुंचे। वे यहां आयोजित जनजाति गौरव दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। कार्यक्रम से लौटते समय जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अपने निवास पर समर्थकों के साथ मंत्री का पारंपरिक लोकगीत, पुष्पवर्षा, फूल-माला एवं आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। स्वागत कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, कैलाश अग्रवाल, संतोष तिवारी, राकेश अग्रवाल, लमरु राम, आनंद गुप्ता, शुभम सोनी, बबलू, आशीष सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

# एक्स रे यूनिट नए आधुनिक भवन की गई शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सकरे गलीनुमा रास्ते से पहुँचने में मरीजों को होती थी परेशानी, बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी
- वर्ष भर पूर्व सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री के समक्ष सतपता के ग्रामीणों ने भी उठाया था मामला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लंबे समय से मरीजों को हो रही असुविधा के कारण एक्स-रे यूनिट को अब नए और आधुनिक भवन बीपीएच यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है।




गौरतलब है कि पहले एक्स रे यूनिट पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा था जहां जाने का रास्ता काफी सकरा था,मरीजों और उनके परिजनों के लिए वहां तक पहुंचना बेहद मुश्किल होता था, यहां पतली गलीनुमा रास्ता और असुविधाजनक,बरसात में जलभराव,जिससे फिसलन और दुर्घटना की आशंका, मशीनरी को नुकसान का खतरा,व्हीलचेयर और स्ट्रेचर मरीजों को लाने ले जाने में परेशानी होती थी,कई मरीजों को कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ता था,और कई बार जांच की तारीख को आगे करना पड़ जाता था, करीब वर्ष भर पूर्व जयनगर में लगे सुशासन तिहार शिविर में ग्राम सतपता निवासी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष सीएचसी बिश्रामपुर में जर्जर व सकरे भवन में संचालित हो रहे एक्स रे मशीन यूनिट का मामला उठाया थाएवं शीघ्र निराकरण की मांग की थी,तत्पश्चात कलेक्टर के निर्देश पर सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने स्थल निरीक्षण किया एवं शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल एक्स रे यूनिट को नए भवन में स्थानांतरित करने का निर्देश बीएमओ को दिया था,लेकिन एसडीएम के निर्देश के बावजूद सुविधा व जगह के अभाव का हवाला देते हुए मामले को लंबित रख दिया गया।

मरीजों को निरंतर हो रही समस्या के कारण प्रशासन के सख्त निर्देश मिलने के बाद सक्रिय हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने तकनीकी टीम,रेडियोलॉजी विभाग और अस्पताल स्टाफ ने बिना सेवाएं बाधित किए पूरी व्यवस्था को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया है,अब एक्स रे यूनिट बीपीएच भवन के अंदर मुख्य गेट के पास ही संचालित हो रही है,यहाँ हाई फंक्शनल यूनिट में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



# बिरनीपारा में बिरसा मुंडा जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**राजपुर।** जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत बुढ़ाबगीचा के बिरनीपारा में भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर खंड स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने की। कार्यक्रम में बच्चों ने जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन यात्रा, उनके जल-जंगल-जमीन की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष तथा उनके योगदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री की पाती का वाचन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत द्वारा 16 समाज प्रमुखों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की 12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मसूर मिनीकिट तथा उद्यान विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को धनिया बीज का वितरण किया गया। इस दौरान जबकि जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरमजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिपं सदस्य रविप्रताप सिंह मरावी, प्रदेश मंत्री भाजपा शिवनाथ यादव, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, जनपद सीईओ संजय दुबे आदि मौजूद थे।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style

# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला




# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे


**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं



और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*__नई दिल्ली।__ समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप



### बाल दिवस पर बच्चों में उत्साह खेल व भाषण प्रतियोगिता

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा 14 नवंबर 2025 को शासकीय हाई, पूर्व माध्यमिक तथा प्राथमिक शाला हथगड़ा के प्रांगण में बाल दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में तीनों विद्यालयों के लगभग 150 बच्चे, शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बीडीसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को बाल दिवस का महत्व समझाते हुए की गई। आयोजकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, बच्चों के प्रति उनके प्रेम तथा उन्हें "चाचा नेहरू"कहे जाने के कारणों की जानकारी दी। इसके पश्चात बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में "इन द स्पॉट" भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुल दस बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर तत्काल भाषण दिए। बच्चों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और मंच पर बोलने का डर कम होता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में प्राचार्य ने बच्चों को सकारात्मक सोच विकसित करने, जीवन में लक्ष्य निर्धारण करने और शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "पढ़ाई जीवन की कुंजी है, मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है। बड़ों का सम्मान करें और अपने सपनों की ओर आगे बढ़ें। कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।

## पेज 1 का शेष

### अब एक क्लिक ...

प्रदीप साहू, लोक अभियोजन अधिकारी, लोक अभियोजक, जेल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित खंड चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने नए कानूनों के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी। किसी भी प्रकरण में अभियुक्त की मेडिकल रिपोर्ट तुरंत तैयार कर अपलोड की जाएगी। वहीं बलात्संग से संबंधित मामलों में पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से सभी मेडिकल अधिकारियों को इन प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

### जशपुर की बेटियों ...

व मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ी, उन्होंने हमेशा साथ दिया। बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले पीटीआई अमरदीप सिंह जी को भी प्राचार्य ने धन्यवाद दिया। टीम को प्रशिक्षित करने वाले पीटीआई अमरदीप सिंह ने बताया कि दोनों छात्राओं ने कठोर अभ्यास, निरंतर फिटनेस ट्रेनिंग और अनुशासन के दम पर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। मीनाक्षी और संजना अब जशपुर के हर छात्र के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। दोनों ने कहा कि उनका लक्ष्य आगे और बड़े टूर्नामेंट में जशपुर और विद्यालय का नाम और ऊँचा करना है। जशपुर के इतिहास में पहली एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की बेटियों ने नेशनल में लिखा स्वर्णिम अध्याय। यह जीत पूरे जिले और राज्य के लिए सम्मान और प्रेरणा का नया प्रतीक है।

### एसपी ने दसवीं के ...

संस्थान के सभी बच्चों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम का संचालन सीमा गुप्ता एवं ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। शिक्षक प्रभात मिश्रा और राजेंद्र प्रेमी के द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई। खेलों के आयोजन में अश्विनी सिंह, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, दिलीप सिंह दीपक ग्वाला, अवनीश पाण्डे ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। इस कार्यक्रम के अलावा शिक्षिका सीमा गुप्ता के निर्देशन पर कक्षा नवी के बच्चों ने प्लास्टिक के उपयोग के विरोध में बनाए गए अपने अपने स्लोगन का प्रदर्शन भी किया। जिसकी सराहना सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने की। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के रूप में पुलाव, मिर्ची बड़ा, चटनी, सब्जी परोसी गई। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी भोजन का आनंद लिया। भोजन की व्यवस्था शांति कुजूर के द्वारा की गई थी इस कार्यक्रम में संकल्प शिक्षण संस्थान के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के पश्चात ज्योति श्रीवास्तव सीमा गुप्ता और दीपक महतो के द्वारा बच्चों को सिटी कोतवाली ले जाया गया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

# कार्यों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली।

उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित के इन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए।

## विनोबा ऐप के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

जशपुरनगर। जिला कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाऊंडेशन (विनोबा एप) द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यह कार्यक्रम जिले में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर के दिशा निर्देश और यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के माध्यम से संचालित कराया जा रहा है। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालंन अधिकारी अभिषेक कुमार ने बोलेगा बचपन और पोस्ट ऑफ मन्थ विजेता शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में अभिषेक कुमार ने कहा विनोबा एप शिक्षकों के लिए सीखने और प्रेरणा के लिए बहुत अच्छा प्लेटफार्म है। सभी शिक्षकों को बधाई संदेश के साथ भविष्य में और बड़ी उपलब्धि के लिए प्रेरित किए। ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अज़हर शेख ने बताया विनोबा एप मे बोलेगा बचपन एक क्लब है जिसमे बोलेगा बचपन के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कविता, कहानी वाचन और बच्चों के आत्मविश्वास स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाता है विनोबा के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया विनोबा एप की ओर से जिले मे शिक्षकों द्वारा नवाचार को साझा करने, अन्य शिक्षकों से सीखने तथा दस्तावेजीकरण हेतु एप जिले के शिक्षकों के लिए बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय, जेईई, नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ दैनिक उपस्थिति का डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। इस



कार्यक्रम के तारतम्य में विनोबा एप में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उपस्थित दर्ज किया जाता है एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को अपलोड किया जाता है। इस अवसर पर जिला स्तरीय विजेता हुई प्राथमिक शाला होंगरोटोली के श्रीमति प्रिया गुप्ता, प्राथमिक कन्या आश्रम कांसाबेल के श्रीमति सुमन रवानी, प्राथमिक शाला पंडरीअंबा के लोकेश कुमार, प्राथमिक शाला दीपाटोली के श्रीमति आरती ओहदार, प्राथमिक शाला रजला के वंदना माझी, प्राथमिक शाला छिंदभर्री के श्रीमति संतोषी डनसेना, जिला स्तरीय बोलेगा बचपन के अंतर्गत प्राथमिक शाला दीपाटोली के लव कुमार गुप्ता, माध्यमिक शाला दुलदुला के ललिता गुप्ता, माध्यमिक शाला लोदाम के श्रीमती सीमा प्रधान को उपहार वितरण कर सम्मानित किया गया। साथ ही बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी के साथ बोलेगा बचपन कार्यक्रम में जशपुर की ओर प्रतिनिधित्व किए सेजेस बगीचा के कार्तिक कुमार सिन्हा और प्राथमिक शाला जामटोली के श्रीमती रत्ना गुरु को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



## छोटे-बड़े सभी किसानों से समान व्यवहार करें प्रबंधकः तहसीलदार

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत तमता में नायब तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिए कि किसानों का धान एग्री स्टैक पंजीकृत होना अनिवार्य बताया और किसानों का एग्री स्टैक, रकबा संशोधन में किसी प्रकार का समस्या होती है तो उसे निराकरण करने का निर्देश दिए।

- रकबा संशोधन में समस्या होती है तो उसे निराकरण करने का निर्देश दिए

नायब तहसीलदार ने समिति के कर्मचारियों को परिसर की साफ सफाई, बार दाने, पेय जल व्यवस्था, टेंट और सीसी कैमरे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, चौकीदार, फड़ प्रभारी और हमालियों की तत्काल नियुक्ति कर धान खरीदी सुचारू रूप से चालू करने को कहा। नायब तहसीलदार ने किसानों को धान खरीदी के नियमों के बारे में बताया कि छोटे किसान एक टोकन में ही धान बेच पाएंगे। 1 एकड़ से 5 एकड़ रकबा तक के किसान एक बार में ही अपना धान बेच सकते हैं, 5 एकड़ से 10 एकड़ तक के किसान 2 बार में और 10 एकड़ से अधिक रकबे वाले किसान 3 बार में अपना धान बेच सकते हैं। इस मौके पर लुड़ेग तमता मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, जनपद सदस्य रमेश कुमार यादव, स्थानीय पटवारी, प्राधिकृत अध्यक्ष रविशंकर पैकरा, किसान जामिन साय और भारी संख्या में पंडरी पानी, तमता, कोड़केल एवं अन्य गांव के किसान मौजूद थे।

## जल जीवन मिशनः मुण्डाडीह में 92 घरेलू नल कनेक्शन क्रियाशील, मिल रहा शुद्ध पेयजल




**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल जीवन मिशन योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से लगभग 70 किमी की दूरी पर स्थित गारीघाट पंचायत का राजस्व ग्राम मुण्डाडीह में जल जीवन मिशन के अंतर्गत तीन उच्च स्तरीय जलागार स्थापित कर कुल 92 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से संपूर्ण ग्रामवासियों को शुध्द पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

जल जीवन मिशन योजना के आने से पूर्व ग्रामीणों को अपनी दैनिक जल की आवश्यकताओं के लिए हैण्डपंप एवं कुंओं पर पूर्ण रूप से आश्रित थे। मुख्यतः महिलाएं पानी हेतु लाईन लग कर पानी भरने का कार्य सुबह शाम किया करती थी। बारिश के दिनों में पानी प्रदूषित होने की वजह से ग्रामीणों को पेट खराब, डायरिया इत्यादि बीमारीयों का भी सामना करना पड़ता था। आज की स्थिति में योजना के आने के बाद अब ग्रामीणों को पानी भरने नहीं जाना पड़ता एवं तबीयत खराब होने की समस्या में भी कमी आई है। सभी ग्रामीणों को घर में नल के माध्यम से पानी मिलने से सभी ग्रामीण खुश है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले हम हैण्डपंप एवं कुओं के द्वारा पानी भरने से परेशान थे पर अब वैसी समस्या नहीं है हम सभी खुश हैं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया हैं। ग्रामीणों की सहमती एवं शपथ के माध्यम से इस ग्राम का हर घर जल सर्टिफिकेट कर दिया गया है एवं जल सभा के माध्यम से ग्रामीणों को योजना का सुचारू रूप से संचालित करने के नियमों को समझा कर लंबे समय तक योजना के संचालन को भी सुनिश्ति किया गया है।

## तुतटोली सत्संग में अंतर्जातीय विवाह सम्पन्न

**जशपुरनगर।** जशपुर के तुतटोली गांव में शनिवार को संस्था के प्रमुख संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग आयोजित किया गया, जिसमें जशपुर, मनोरा दुलदुला तीनों विकासखंडों के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेस्य यह था कि इन दिनों लोगों के घरों में होने वाले शादी विवाह में लाखों रुपए लगाकर लोग कर्ज दार हो जाते हैं और वर्षों से कर्ज मुक्त नहीं हो पाते जिसमें संस्था के प्रमुख संत रामपाल जी महाराज की सरल विवाह पद्धति के अनुसार केवल 17 मिनट में दो अंतर्जातीय विवाह सम्पन्न कराया। प्रियंका दासी–यशवंत दास और सरिता दासी–आनंद दास की ये शादियां पूरी तरह दहेज-मुक्त और नशा-मुक्त रहीं। सत्संग में समाज से नशा, दहेज और जाति-भेद जैसी बुराइयों को मिटाने का संदेश दिया गया। संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी लगातार समाज सुधार के लिए काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया—"अब सच होगा सबका सपना, दहेज-मुक्त होगा भारत अपना।



## पतंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी ने ली योग समिति की बैठक



**पत्थलगांव।** पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ राज्य सह प्रभारी कमलेश योगी ने योग समिति के सदस्यों की बैठक ली। उनके साथ वरिष्ठ योग शिक्षक अंबिका शुक्ला भी मौजूद थे। योगा क्लब के सदस्यों ने कमलेश योगी एवं अंबिका शुक्ला का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

- करें योग, रहें निरोग के नारे को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए दिया संदेश

कमलेश योगी ने योग की महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि निरोगी काया देने के लिए योग किया जाता है। योग से हमारा शरीर स्वस्थ होने के साथ सुख शांति व सफलता की ओर ले जाने में मदद करता है । ज्ञान बांटने से बुद्धि का विकास होता है उसी तरह योग को हम घर घर तक पहुंचाएं। निरोगी के साथ सुख समृद्धि में वृद्धि हो । हमें नगर के आसपास योग शिविर लगाकर योग की और प्रेरित करते हुए व्यक्ति सुबह उठ अपने कार्यों को कर सकता है ।आज के इस भाग दौड़ की दुनिया में हमें कम से कम 2 घंटे दूसरों के लिए समय देना चाहिए ।जिले में संगठन को मजबूती देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सह प्रभारी कमलेश योगी द्वारा समिति का गठन किया गया। पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी बलदेव नायक, संरक्षक बच्चन दुबे ,युवा भारत तहसील प्रभारी मुकेश अग्रवाल, भारत स्वाभिमान न्यास तहसील प्रभारी रूपचंद पटेल महिला पतंजलि योग प्रभारी अनीता त्रिपाठी ,भारत स्वाभिमान न्यास संरक्षक पवन अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर ,महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल ,खजांची लाल जिंदल ,मंत्री नीरज अग्रवाल ,सचिव संतोष गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई ।कार्यक्रम का सफल संचालन सुहेल अग्रवाल टिंकू द्वारा किया गया ।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति हेतु अंतिम तिथि निर्धारित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल, कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, इन संस्थाओं के प्राचार्यों-संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2022-2023, 2023-24, एवं 2024-25 के बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथिनुसार शिक्षा सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 एवं वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। निर्धारित तिथि के पश्चात विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के लिए बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन हेतु अवसर प्रदाय नहीं किया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर फरार चल रहा शिक्षक गिरधारी राम यादव उम्र 54 वर्ष आखिरकार पुलिस की पैनी नजर से नहीं बच सका। तीन दिनों से लगातार खोज में जुटी पुलिस ने टेक्निकल ट्रैकिंग, संभावित ठिकानों पर दबिश और आरोपी के घर-मोहल्ले पर सादी वर्दी में निगरानी का जाल बिछाया हुआ था। इसी बीच रविवार देर शाम जैसे ही आरोपी कपड़े और पैसे लेने अपने घर पहुंचा, सादी वर्दी वाली टीम ने उसे घेरकर मौके पर ही धर दबोचा।

- पुलिस की लगातार दबिश और 24 घंटे निगरानी के बीच घर लौटते ही गिरफ्तार



16 वर्षीय पीड़ित छात्रा जशपुर के एक स्कूल में पढ़ाई करती है। जुलाई 2024 से वह आरोपी शिक्षक के घर रहकर घरेलू काम भी करती थी। बालिका ने पुलिस को बताया कि गिरधारी राम यादव घर में अकेला पाकर कई बार उसके साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करता था। डर और मानसिक उत्पीड़न से थककर वह पिछले सप्ताह आरोपी का घर छोड़ भागी और परिजनों को पूरी घटना बताई। पीड़िता अपने माता-पिता के साथ सिटी कोतवाली पहुंची और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 75, 64(2)(एम), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 और 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

शुरुआती जांच में पीड़िता के कथन और सामने आए तथ्यों ने पुलिस को आरोपी पर संदेह पुष्ट किया। रविवार शाम आरोपी अपने घर सामान लेने पहुंचा। जैसे ही उसने दरवाजा खोला, वहां पहले से तैनात पुलिस टीम ने उसे चारों ओर से घेर लिया। गिरफ्तारी से पहले आरोपी घर से कपड़े और नकद लेकर कहीं और भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की तैयारी और घेराबंदी ने उसे मौका नहीं दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार भी किया है। पुलिस ने पर्याप्त सबूतों के आधार पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

### जनजातीय गौरव दिवस पर 18 सौ करोड़ की सौगात

**राउरकेला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सेक्टर 13 मिलन मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जनजातीय समाज को समर्पित बड़ी घोषणाएँ करते हुए 1800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की एक चौथाई जनसंख्या जनजातियों की है और उनके सर्वांगीण विकास के बिना समृद्ध ओड़िशा का सपना पूरा नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है।

VASUNDHARA
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
ESTD. 2001
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur, (CG.) - 497001
APPOINTMENT 2026-27

| Open Positions | No. of Post | Essential Qualification | Experience Required |
|---|---|---|---|
| Vice Principal (Female Only) | 1 | Post Graduation + M.ED/B.ED | Minimum 3 years experience as Vice Principal or 5 years as Co-ordinator cum PGT (Ph.D will be Preferred) |
| Art & Craft Teacher | 2 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| TGT Sanskrit | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| TGT/PRT Hindi | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Librarian | 2 | Graduation + B.Lib/M.Lib/Diploma | 2 years |
| HR (Female Only) | 2 | BBA/MBA | 2 years |
| PRT English | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Mother Teacher (FPRT) | 5 | Graduation + NTT | 2 years |
| Associate Teacher | 5 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| Front Desk Executive (Public Relation) | 2 | BBA/MBA | 2 years |

• PGT for all Subjects required, Minimum 3 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
• TGT Science, SST, Computer required, Minimum 2 Years Experience, Qualifcation prescribed by CBSE .
Kindly Note: • Fluency in English is a must. • Salary no bar for deserving candidates. • Apply at: careers@brilliantabkp.com with a cc to bpsv@brilliantabkp.com before 15th December 2025 or you can submit directly to our school office between 09:00 am to 03:00 pm.
WhatsApp/Contact: 9244320300 brilliantabkp.com

## उत्सव जैसा मना कर्नल विप्लव त्रिपाठी का बलिदान दिवस

# विप्लव के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वीर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में गुरुवार को पूरे दिन मनाया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्थापित उनकी प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर ए बालवीर अबीर त्रिपाठी की प्रतिमा और समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस दौरान एनसीसी, एनएसस के छात्र, पूर्व सैनिक, संगठन के सदस्य, परिवार जन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। साथ ही कमला नेहरू पार्क में बच्चों के लिए देशभक्ति थीम पर चित्रकला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 से अधिक बच्चे शामिल हुए। चित्रकला उत्सव के समापन पश्चात बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न




सामाजिक संगठनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसपी दिव्यांग पटेल ने कहा कि वीर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के बलिदान को रायगढ़ सहित पूरे देशवासी याद रखेंगे। उनकी बहादुरी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज की हमारी पीढ़ी देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद करेगी। उन्होंने कहा कि वो आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य उनकी स्मृति हमारे लिए प्रेरणा के रूप में हमेशा मौजूद रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस को मनाने पूरा रायगढ़ उमड़ पड़ा है। हमें गर्व है कि हम उनकी जन्मभूमि में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बालवीर अबीर त्रिपाठी, अनुजा त्रिपाठी और कर्नल विप्लव त्रिपाठी की बहादुरी को अपना प्रेरणा स्त्रोत बनाकर अपने लक्ष्य को निर्धारित करें। हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर देशसेवा में अपना योगदान दिया जा सकता है।

### शौर्य दिवस बना उत्सव दिवस

13 नवंबर की तारीख़ ना केवल रायगढ़, छत्तीसगढ़ बल्कि देश के सैन्य इतिहास की बड़ी घटना मानी जाती है, ऐसा इसलिए क्योंकि चार साल पहले 13 नवंबर 2021 को मणिपुर में घात लगाकर किये गये एक कायराना आतंकी हमले में 46 आसाम रायफ़ल्स के सीओ कर्नल विप्लव त्रिपाठी अपने चार जवानों और पत्नि अनुजा बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस घटना के बाद शहीद कर्नल विप्लव के माता पिता सुभाष आशा त्रिपाठी ने ट्रस्ट की स्थापना की, इसी ट्रस्ट के जरिए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की जयंति और शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

